# संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, व्यावसायिक परिसर
द्वितीय तल, सेक्टर 27, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)
E-mail sanskriti.rajbhasha@gmail.com.in (0) phone no: 0771-2995629

क्रमांक............/सं.रा./गढ़कलेवा/ 2025 नवा रायपुर, दिनांक ५ /09/2025

**मंहत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर में गढ़कलेवा**

**संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

मंहत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का खानपान के केन्द्र **'गढ़कलेवा'** संचालन हेतु अनुबंध पर संचालन हेतु दिये जाने के लिए सीलबंद लिफाफे में रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक स्व सहायता समूह रूचि की अभिव्यक्ति प्रपत्र कार्यालयीन समय में संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, द्वितीय तल, सेक्टर – 27 अटल नगर नवा रायपुर मे 500/–नगद (जो वापसी योग्य नही है) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी कार्यालय संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा,नवा रायपुर वेबसाइट www.cgculture.in में भी देखा जा सकता है। इच्छुक संस्था को अंतिम तिथि तक सीलबंद रूचि की अभिव्यक्ति रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट (अन्य कोई डाक सेवा नही) के द्वारा संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, नवा रायपुर में प्रेषित करना होगा। सीलबंद रूचि की अभिव्यक्ति लिफाफे के उपर **"रूचि की अभिव्यक्ति–मंहत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर में गढ़कलेवा संचालन कार्य"** अंकित करना होगा। रूचि की अभिव्यक्ति में किसी भी प्रकार परिवर्तन अथवा संशोधन होने पर जानकारी उक्त वेबसाईट में प्रदर्शित की जायेगी। संशोधन सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

ई.ओ.आई. प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 15.09.2025 समय शाम 05.00 बजे तक

ई.ओ.आई. प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 25.09.2025 समय शाम 05.00 बजे तक

ई.ओ.आई. खोलने की तिथि (तकनीकी प्रस्ताव) :– दिनांक 29.09.2025 समय 2.00 बजे

ई.ओ.आई. खोलने की तिथि (वित्तीय प्रस्ताव) :– दिनांक 03.10.2025 समय 2.00 बजे

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा